राजस्थान सरकार

उच्च शिक्षा विभाग

क्रमांक : एफ23(45)लेखा/आकाशि/मुउशिछायो/2015-16/525 दिनांक :- 21.8.15

# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना

1- **योजना :-**

माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के द्वारा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की उच्च माध्यमिक परीक्षा की वरीयता सूची में प्रथम एक लाख ऐसे छात्र/छात्राओं को जिनके परिवार की वार्षिक आय दो लाख पचास हजार रुपये तक है तथा जिन्हें कोई अन्य छात्रवृति अथवा प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है के लिए 500 रुपये प्रतिमाह (5000 रूपये वार्षिक) छात्रवृति भुगतान किये जाने की घोषणा की गई है ।

इस योजना का लक्ष्य निम्न को छात्रवृति प्रदान करना है :-

- नवीन एक लाख विद्यार्थी जो पात्रता पूर्ण करते हों ।
- ऐसे समस्त विद्यार्थी जिन्हें इस योजना के अन्तर्गत पिछले वर्ष छात्रवृति स्वीकृत की गई थी तथा जो निरन्तर नियमित रूप से उच्च शिक्षा के संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं

यह योजना अल्प आय वर्ग के बच्चों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने एवं सहायता प्रदान के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई है ।

2- **उद्देश्य :-**

इस योजना का उद्देश्य अल्प आय वर्ग के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

3- **योजना अन्तर्गत लाभ :-**

(अ) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा में वरीयता सूची में अल्प आय परिवारों के पात्र छात्र/छात्राओं को 500/- रुपये प्रतिमाह जो एक वर्ष में 10 माह से अधिक नहीं होगा अर्थात अधिकतम 5000/- रुपये वार्षिक भुगतान किया जावेगा ।

(ब) इस योजना के अन्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत नियमित छात्र/छात्राओं को अधिकतम 5 वर्षों तक ही लाभ प्रदत्त किया जावेगा एवं यदि विद्यार्थी द्वारा 5 वर्ष पूर्व अध्ययन छोड दिया जाता है तो यह लाभ पूर्व वर्षों तक ही मान्य होगा ।

## 4— पात्रता :—

लाभान्वित पात्र छात्र/छात्राओं के अतिरिक्त इस योजना का लाभ उन छात्र/छात्राओं को देय होगा जो निम्न समस्त शर्तों की पूर्ति करते हों :—

(1) जिन्होंने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर से 12वीं की परीक्षा इस वर्ष न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की हो तथा जिन्होंने बोर्ड की वरीयता सूची में प्रथम एक लाख तक स्थान प्राप्त किये हों।

(2) जिनके माता–पिता या अभिभावक की वार्षिक आय दो लाख पचास हजार रूपये तक हों ।

(3) जो राजस्थान के किसी राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त गैर राज. उच्च/तकनीकी संस्थान में नियमित रूप से अध्ययनरत हों ।

(4) जो राजस्थान का मूल निवासी हो ।

(5) जिन्हें भारत सरकार/ राज्य सरकार की किसी अन्य छात्रवृति अथवा समकक्ष योजना के अन्तर्गत लाभ नहीं मिल रहा हों ।

(6) विद्यार्थी का राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा खाता हो ।

(7) उसका आधार कार्ड बना हुआ हो ।

## 5— आवेदन की प्रकियाः—

(1) आवेदन फार्म कॉलेज शिक्षा विभाग की वेबसाईट (http://www.dce.rajasthan.gov.in) से डाउनलोड किये जा सकते है।

(2) आवेदन फार्म प्रस्तुत करने का कोई शुल्क नहीं है ।

(3) पात्रता की समस्त शर्तों को पूर्ण करने वाले विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में अध्ययनरत् हो उसके प्राचार्य को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मय समस्त संलग्नकों के अन्तिम दिनांक तक प्रस्तुत करें ।

(4) आवेदन की अन्तिम दिनांक के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

## 6— छात्रवृति स्वीकृति की प्रकिया :—

संस्था प्रधान आवेदन पत्र में संलग्न अंकतालिका का अपनी संस्था में उपलब्ध मूल अंकतालिका से मिलान कर, एवं अन्य वांछित तथ्यों को सत्यापित कर समस्त पात्र आवेदन पत्रों (जो घोषित न्यूनतम अंक तक हो) अपने जिले के नोडल अधिकारी को निर्धारित तिथि तक प्रेषित करेंगे।

स्वीकृत संख्या अनुसार आयुक्तालय द्वारा नोडल अधिकारी को बजट स्वीकृत किया जावेगा एवं नोडल अधिकारी द्वारा तदानुसार बैंक को चयनित छात्रों/छात्राओं के बैंक खाते में माहवार छात्रवृति राशि जमा करने के निर्देश दिये जावेंगे ।

7— <u>छात्रवृति की निरन्तरता की प्रकिया</u> :—

छात्रवृति राशि का भुगतान पॉच वर्ष की अवधि अथवा उच्च/तकनीकी अध्ययन जारी रखने तक, जो भी पहले हो, देय होगी। परन्तु चयनित छात्र को निर्धारित परीक्षा में निर्धारित 60 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण होना व प्रतिवर्ष इसका नवीनीकरण कराना आवश्यक है जिससे कि यह प्रमाणित किया जा सके कि नियमित अध्ययनरत् उच्च शिक्षा जारी है।

(राजेन्द्र शर्मा)
**आयुक्त**
**कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**

## जिला नोडल अधिकारियों की सूची, जहाँ संबंधित जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा पात्र विद्यार्थियों के आवेदन-पत्र जमा कराये जाने हैं

| क. सं. | नोडल अधिकारी | जिला |
|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर फोन नं. 0145-2460946 | अजमेर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 2 | प्राचार्य, राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर फोन नं. 0144-2732336 | अलवर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 3 | प्राचार्य, श्री गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय, बांसवाड़ा फोन नं. 02962-254022 | बांसवाड़ा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 4 | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बारां फोन नं. 07453-230072 | बारां जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 5 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाडमेर फोन नं. 02982-220034 | बाडमेर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 6 | प्राचार्य, राजकीय एमएसजे कालेज, भरतपुर फोन नं. 05644-223641 | भरतपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 7 | प्राचार्य, माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा फोन नं. 01482-239970 | भीलवाडा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 8 | प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर फोन नं. 0151-2528036 | बीकानेर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 9 | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बून्दी फोन नं. 0747-2445415 | बून्दी जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 10 | प्राचार्य, महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चित्तौडगढ़ फोन नं. 01472-241041 | चित्तौडगढ़ जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 11 | प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चुरू फोन नं. 01562-250362 | चुरू जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 12 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दौसा फोन नं.01427-223111 | दौसा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 13 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धौलपुर फोन नं.05642-220868 | धौलपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 14 | प्राचार्य, राजकीय एस.बी.पी. महाविद्यालय, डूंगरपुर फोन नं. 02964-232523 | डूंगरपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 15 | प्राचार्य, सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय, राजसमन्द फोन नं. 02952-221840 | राजसमन्द जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 16 | प्राचार्य, राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय, हनुमानगढ फोन नं. 01552-223163 | हनुमानगढ जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 17 | प्राचार्य, आर. एल. सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा, जयपुर फोन नं. 01423-265828 | जयपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 18 | प्राचार्य, एस.बी.के. राजकीय महाविद्यालय, जैसलमेर फोन नं. 02992-252350 | जैसलमेर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 19 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालौर फोन नं. 02973-222244 | जालौर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |

| | | |
|---|---|---|
| 20 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झालावाड़ फोन नं. 07432–232315 | झालावाड़ जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 21 | प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू फोन नं. 01592–239944 | झुंझुनूं जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 22 | प्राचार्य, श्रीमती सीतादेवी चुन्नीलाल बरडिया राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाड सिटी (जोधपुर) फोन नं. 02930–234600 | जोधपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 23 | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली फोन नं. 07464–250023 | करौली जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 24 | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कोटा फोन नं. 0744–2327626 | कोटा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 25 | प्राचार्य, श्री बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर फोन नं. 01582–240853 | नागौर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 26 | प्राचार्य, राजकीय बांगड महाविद्यालय, पाली फोन नं. 02932–226452 | पाली जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 27 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रतापगढ़ फोन नं. 01478–222012 | प्रतापगढ़ जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 28 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सवाई माधोपुर फोन नं. 07462–220307 | सवाई माधोपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 29 | प्राचार्य, श्री कल्याण राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीकर फोन नं. 01572–251039 | सीकर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 30 | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, सिरोही फोन नं. 02972–221684 | सिरोही जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 31 | प्राचार्य, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीगंगानगर फोन नं. 0154–2440056 | श्रीगंगानगर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 32 | प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टोंक फोन नं. 01432–247432 | टोंक जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |
| 33 | प्राचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर फोन नं. 0294–2524006 | उदयपुर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान |